देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 241 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**सिंधु की स्वर्णिम जीत



देहरादून, शनिवार, 2 नवंबर 2019

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 16.0°

40165.03

2 मौलाना के नेतृत्व में जुटे प्रदर्शनकारी

7 पीएम और सचिन को भेजा गया है बुलावा

# भारत और जर्मनी के बीच 20 समझौते

■भारत और जर्मनी के बीच दूरगामी सहयोग बढ़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी की चांसलर ऐंगेला मर्केल से व्यापक बातचीत के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत और जर्मनी ने आतंकवाद के खतरों से निपटने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है। हैदराबाद हाउस में पीएम और जर्मन चांसलर ऐंगेला मर्केल के बीच बातचीत हुई। इसके बाद दोनों देशों के नेताओं की ओर से साझा बयान जारी किया गया। जर्मनी के साथ मजबूत संबंधों को प्राथमिकता में बताते हुए पीएम मोदी ने 20 समझौतों पर सहमति की घोषणा भी की। पीएम मोदी ने आतंकवाद और क्लाइमेट चेंज जैसे मुद्दों पर साझा सहयोग की प्रतिबद्धता भी जताई।

**पीएम ने मर्केल को बताया, भारत का अच्छा दोस्त:** पीएम मोदी ने जर्मन चांसलर की नेतृत्व क्षमता की तारीफ की और उन्हें भारत का अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा, श्ऐंगेला मर्केल सिर्फ यूरोप नहीं पूरी दुनिया में सबसे लंबे वक्त तक राष्ट्र का नेतृत्व करनेवाली नेता हैं। ऐंगेला मर्केल यूरोप और पूरी दुनिया की बहुत मजबूत नेता मानी जाती हैं।

भारत और मेरी अच्छी मित्र हैं। जर्मनी की चांसलर ने भी भारत की तारीफ करते हुए कहा कि इस देश की विविधता भरी संस्कृति से आप हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों पर जोर देते हुए कहा, हर क्षेत्र में हमारा सहयोग और भी गहरा हुआ है। आज जिन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, वे भी इसका प्रतीक हैं। अडवांस्ड टेक्नॉलजी में दोनों देशों के बीच दूरगामी सहयोग तय हुए हैं।

## पीएम मोदी ने डिफेंस सेक्टर में निवेश का दिया न्योता



**पीएम ने डिफेंस सेक्टर में निवेश के लिए दिया न्योता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी और भारत के बीच निवेश संबंध बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, दोनों देशों के प्रमुख बिजनस लीडर्स से भी आज मुलाकात का कार्यक्रम तय है। डिफेंस कॉरिडोर में जर्मनी के बिजनस लीडर्स से लाभ उठाने की उम्मीद हम करते हैं। विश्व की गंभीर चुनौतियों के बारे में हमारे दृष्टिकोण में समानता है। आतंकवाद के खतरों को निपटने के लिए हम द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाएंगे। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सहयोग जारी रखेंगे।

## शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जर्मनी ने दिया जोर

जर्मनी की चांसलर ऐंगेला मर्केल ने दोनों देशों के बीच शिक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जर्मनी में 20,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। हम इस संख्या को और बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। वोकेशनल ट्रेनिंग और स्किल बेस्ड लर्निंग प्रोग्राम जैसे क्षेत्रों में हम चाहते हैं कि शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग एक्सचेंज प्रोग्राम हों। जलवायु संरक्षण और स्थिर विकास के क्षेत्र में भी हम सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने, कोस्टल मैनेजमेंट, नदियों की सफाई पर हमने फैसला किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक उपचुनाव की कम से कम 12 सीटें जीतेगी कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रदेश की 15 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस कम से कम 12 सीटें जीतेगी। पूर्व सीएम ने कहा कि मौजूदा कर्नाटक सरकार अपवित्र सरकार है और अभी संख्या में कमजोर है। उन्होंने कहा कि हम उपचुनाव की सभी 15 सीटें भी जीत सकते हैं। इससे पहले गुरुवार को कांग्रेस ने 8 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान भी कर दिया था।

### चिदंबरम को साफ पानी और घर का खाना दें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को स्वच्छ परिवेश, मिनरल वॉटर, घर का बना भोजन और मच्छरों से सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि एम्स मेडिकल बोर्ड के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ठीक हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जरूरत नहीं है। पी चिदंबरम ने अपनी याचिका में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अंतरिम बेल की मांग की थी।

### पाक जाएंगे सिद्धू, विदेश मंत्रालय ने लगाई यह शर्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू काफी समय तक सुर्खियों से दूर रहने के बाद एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। इस बार भी सिद्धू के चर्चाओं में आने की वजह पाकिस्ध्तान बना है। पूर्व क्रिकेटर सिद्धू एक बार फिर पाकिस्तान जा सकते हैं। पाकिस्तान की सत्तारूढ़ तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी ने दावा किया है कि सिद्धू ने पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का न्यौता स्वीकार कर लिया है।

## इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर संदिग्ध बैग मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह टर्मिनल 3 पर एक संदिग्ध बैग मिलने से अफरातफरी मच गई। सीआईएसएफ को इसके अंदर आरडीएक्स होने की आशंका है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट पुलिस को सुबह करीब 3 बजे एक संदिग्ध बैग के बारे में जानकारी मिली, जिसे तत्काल मौके पर पहुंचकर कब्जे में ले लिया गया। फिलहाल बैग को कूलिंग पिट में रखा गया है। करीब 24 घंटे तक इसमें रहने के बाद उसे चेक किया जाएगा। डेप्युटी कमिश्नर ऑफ पुलिस (एयरपोर्ट) संजय भाटिया ने बताया कि बैग को सीआईएसएफ की मदद से हटा दिया गया है।

# शिवसेना का ही बनेगा मुख्यमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### चाहें तो अपने दम पर बना सकते हैं सरकार

मुंबई। महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर बीजेपी से चल रही तनातनी के बीच शिवसेना के अपने दम पर सरकार बनाने की बात करने से सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल, एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि अगर शिवसेना चाहे तो अपने दम पर राज्य में सरकार बना सकती है। राउत का कहना है कि अगर शिवसेना फैसला करती है तो उसे स्थिर सरकार बनाने के लिए आवश्यक संख्या मिल जाएगी। उन्होंने कहा है कि जनता ने 50–50 फॉर्म्युले के आधार पर सरकार बनाने का जनादेश दिया है। जनता शिवसेना का सीएम चाहती है, लिखकर रख लीजिए शिवसेना का ही सीएम होगा। आपको बता दें कि गुरुवार को संजय राउत एनसीपी चीफ शरद पवार से मुलाकात करने गए थे। तब से राज्य में सरकार बनाने के नए समीकरण की संभावनाएं जन्म लेने लगी हैं।

संजय राउत ने यह भी कहा है कि सरकार गठन को लेकर बीजेपी और शिवसेना के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। वे बड़े लोग हैं। इससे पहले, संजय राउत ने अप्रत्यक्ष रूप से बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व पर निशाना साधा। अपने ट्विटर अकाउंट पर उन्होंने लिखा, साहिब, मत पालिए अहंकार को इतना, वक्ध्त के सागर में कई सिकंदर डूब गए।

गुरुवार शाम शिवसेना सांसद संजय राउत एनसीपी प्रमुख शरद पवार के मुंबई स्थित आवास पर उनसे मिलने गए थे। चर्चा है कि शिवसेना सरकार बनाने के लिए एनसीपी और कांग्रेस से समर्थन ले सकती है।

**सीएम पद को लेकर अड़े हैं उद्धव ठाकरे**

दूसरी ओर, शिवसेना का मुख्ध्यमंत्री बनाए जाने को लेकर पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के तेवर भी कड़े बने हुए हैं। गुरुवार को सेना भवन में पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा, मुख्यमंत्री पद पाना शिवसेना का सपना है। मैं एक राजनीतिक दल चलाता हूं और मेरी इच्छा है कि शिवसेना का सीएम होना चाहिए। इसमें गलत क्या है। यह मेरा आग्रह है और इसे मैं आप सबकी मदद से पूरा करूंगा।

# जहरीली हवा से हेल्थ इमर्जेंसी घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर पर पहुंच गया और अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एजेंसी ने गैस चौंबर जैसे हालात पर संज्ञान लेते हुए इसे पब्लिक हेल्थ इमर्जेंसी घोषित किया है। ईपीसीए ने पलूशन पर रोक लगाने के लिए 5 नवंबर तक दिल्ली–एनसीआर में निर्माण कार्य पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। बता दें कि यह बैन पहले सिर्फ शाम 6 से सुबह 6 बजे तक लगाया गया था। प्रदूषण की वजह से दिल्ली के सभी स्कूलों को 5 नवंबर तक बंद किया गया।

दिल्ली में प्रदूषण के स्तर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह भारत में सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल तो है ही, दुनिया का भी सबसे प्रदूषित शहर है।

**घोषणा**

प्रदूषण से बेहाल हुई दिल्ली, एनसीआर का भी बुरा हाल

**दिल्ली के स्कूल 5 तक बंद**

प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए दिल्ली के स्कूलों को 5 नवंबर तक बंद रखने का फैसला हुआ। दिल्ली सीएम केजरीवाल ने इसपर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, दिल्ली में पराली के बढ़ते धुएं के चलते प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि दिल्ली के सभी स्कूल 5 नवंबर तक बंद रहेंगे।

**दिल्ली, हरियाणा, यूपी के सचिवों को चिट्ठी**

अब ईपीसीए ने दिल्ली, हरियाणा और यूपी के मुख्य सचिवों को चिट्ठी लिखकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। ईपीसीए के चेयरमैन भूरेलाल ने कहा, दिल्ली–एनसीआर में वायु की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है और यह बेहद गंभीर स्तर पर बना हुआ है। हमें इसे पब्लिक हेल्थ इमर्जेंसी के रूप में लेना होगा, क्योंकि इसका लोगों के स्वास्थ्य पर विशेषकर बच्चों पर असर होगा। उन्होंने सचिवों से कहा कि यह गंभीर स्थिति है और मैं आप लोगों का निजी हस्तक्षेप चाहता हूं ताकि निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा सके।

**निर्माण कार्य पर पूरी तरह बैन**

भूरेलाल ने कहा कि इस परिस्थिति में दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 5 नवंबर तक निर्माण कार्य पर पूरी तरह बैन रहेगा।

# झारखंड विस चुनाव में पांच चरणों में होगी वोटिंग, 23 दिसंबर को नतीजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। झारखंड में विस चुनाव का बिगुल बज चुका है। 81 सीटों वाली विधानसभा के लिए 30 नवंबर से 5 चरणों में चुनाव होंगे। नतीजे 23 दिसंबर को घोषित होंगे। साथ ही चुनाव आचार संहित लागू हो गई है। पहले चरण में 30 नवंबर, दूसरे चरण में 7 दिसंबर, तीसरे चरण में 12 दिसंबर, चौथे चरण में 16 दिसंबर और पांचवें व आखिरी चरण में 20 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। झारखंड की मौजूदा विस का कार्यकाल 5 जनवरी 2020 को खत्म हो रहा है। पहली बार शारीरिक दिव्यांग और सीनियर सिटिजन घर बैठे पोस्टल बैलट के जरिए अपना वोट डाल सकेंगे।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in